**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 22.06.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त द्वारा आज दिनांक 22.06.2020 को निर्माणाधीन ककरा काकर कुंड पार्क एवं सड़क का किया निरीक्षण।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1– नगर निगम द्वारा ककरा काकर कुंड में गर्रा नदी के किनारे प्रस्तावित जैव–विविधता पार्क के स्थल एवं आबादी से पार्क को जाने वाले निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय के साथ,सहायक नगर आयुक्त,मुख्य अभियन्ता, महाप्रबन्धक (जल) अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी स्थल पर मौजूद रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सड़क का निर्माण मानक के अनुसार सुनिश्चित कराया जाये। इस रोड को ऑक्सीजन रोड के रूप में विकसित करने की योजना है कि जिसके अन्तर्गत मार्ग के दोनो तरफ छायादार वृक्षों को लगाया जायेगा। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन पार्क की बाउन्ड्री निर्माण तथा अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता को वृक्षो को लगाने के लिये गढडे खोदने का कार्य शीघ्र किये जाने का निर्देश भी दिया गया। नगर निगम द्वारा इस स्थल पर विभिन्न प्रजाति के वृक्षो का रोपण कर धना जंगल विकसित करने एवं जैव विविधता के दृष्टिगत स्थलीय स्थिति तथा मिट्‌टी के अनुसार पौधों के चयन का कार्य शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया गया। इस स्थल पर मियावाकी तकनीक से संधन वृक्षारोपण कराये जाने की योजना है। नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अनुसार गढ्ढे खोदने एवं अन्य कार्य तथा पौधों को प्राप्त किये जाने हेतु अपेक्षित कार्यवाही किया जाये। नरीक्षण के समय सम्पत्ति विभाग के कर्मचारियो को नगर निगम की स्वामित्व सभी भू–खण्डो को चिन्हित कर पीलर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

2– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई जोन–02 में ब्रज बिहार कालोनी के पीछे रेलवे लाइन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर तथा सफाई जोन–3 में मो0 खलीलशर्की चौभुर्जी में बने नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 मे मो0 वाकरजई में बने नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 में ख्वाजा फिरोज में मुबारक खॉ के घर से पप्पू मास्टर के घर तक बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 22.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य – अजीजगंज स्थित रैन बसेरा,नई बस्ती,रेयान इंटरनेशनल स्कूल, नवादा स्थित बच्चा जेल, बृज बिहार कालोनी,कृष्णानगर कालोनी, कचहरी जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय किशोर न्यायालय, खिरनीबाग सराय, लाला तेली बजरिया, रामनगर, दिलाजाक, बंगश, मदराखेल, बिजलीपुरा, युनुस खेल एवं फागिंग का कार्य– बृज बिहार कालोनी, मुमुक्षु आश्रम, पॉलिटेक्निक कालेज, बी0एस0 पब्लिक स्कूल,रैन बसेरा, बालगृह बालिका हथौडा बुजुर्ग, चर्च कॉलोनी, बिजलीपुरा, सुभाषनगर कॉलोनी, ऑफीसर्स कॉलोनी में कराया गया।

कल दिनांक 23.06.2020 को रोस्टर के अनुसार दिलाजाक, रामनगर, आर्यनगर, पुलिस लाईन, सदर बाजार, मोहनगंज, बाडूजई द्वितीय, रूफस चरन लेन, गोविन्दगंज, झण्डा कलां, ताजूखेल, काजीखेल, मुल्लाखेल, कटियाटोला, बाडूजई प्रथम, तारीन टिकली, तारीन, चौक आला खॉ, अन्टा,बीबीजई चौराहा, तिलहरजई, आनन्दपुरम, हयातपुरा, किला,महमानशाह, मघईटोला, अब्दुल्लागंज, बाला तिराही, सरायकाईयॉ, गढ़ी गाड़ीपुरा, अहमदपुर नियाजपुर, आई0टी0आई0 कालोनी मण्डी समिति आदि मोहल्ले मे कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
22/6/2020

Generated by CamScanner